पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री द्वारा मथुरा–वृन्दावन–गोवर्धन में तीर्थ यात्रियों तथा पर्यटकों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए 50 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की घोषणा

मथुरा में यमुना नदी पर बने पुराने पुल के स्थान पर बनेगा नया पुल

लखनऊ : 22 सितम्बर, 2012

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने मथुरा–वृन्दावन–गोवर्धन में तीर्थ यात्रियों तथा पर्यटकों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए 50 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मथुरा में यमुना नदी पर बने पुल के जीर्णशीर्ण हो गए पुल के स्थान पर नया पुल बनाए जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मथुरा, वृन्दावन, गोवर्धन में देश ही नहीं विदेशों से लोग आते है, यहां साफ सफाई अच्छी हो इसके लिये आवश्यक उपकरणों की भी व्यवस्था की जायेगी।

श्री यादव आज मथुरा में एक संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मथुरा को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित करने के लिए 30 करोड़ रुपये की लागत से मथुरा के घाटों का सुन्दरीकरण, कुण्डों–सरोवरों का जीर्णोद्धार आदि कार्य कराये जायेगे। उन्होंने कहा कि बरसात में क्षतिग्रस्त हो गई सड़कों की मरम्मत भी कराई जाएगी, जिस पर 8 करोड़ रुपए व्यय होंगे। बरसाना–कोसीकलॉ मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण पर 4 करोड़ रुपए व्यय किये जायेगे। गोवर्धन कच्चे परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण कार्यों पर भी एक करोड़ रुपए व्यय किये जायेगे।

वृन्दावन में आधुनिक तकनीक से बनी अक्षयपात्र संस्था की रसोई का उद्घाटन एवं लोकार्पण अवसर पर श्री यादव ने कहा कि मथुरा में विकास के भरपूर कार्य किये जायेगे। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्या विद्या धन योजना एवं बेरोजगारी भत्ता का वितरण शुरू हो गया है। कन्या विद्या धन योजना से बालिका शिक्षा का विकास होगा। योजनाओं के लिये पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था बजट में प्राविधानित कर दी गई है। मुस्लिम समुदाय की लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये सहायता राशि की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक स्थापना एवं आई0टी0 सेक्टर को बढ़ाने का माहौल बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में कक्षा 10 व 12वीं पास छात्रों को टेबलेट पी0सी0 व लैपटॉप दिये जाने की कार्रवाई की जा रही है। यह कम्प्यूटर व लैपटॉप हिन्दी, अंग्रेजी व उर्दू में कार्य करेगें, इससे किसी भी ग्रामीण छात्र को कोई दिक्कत नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों पर लगे झुठे मुकद्दमें वापस लेने का कार्य शुरू कर दिया है। प्रदेश में विद्युत उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में भी सरकार कार्य कर रही है। विद्युत आपूर्ति बढ़ाने के इन्तजाम किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि मथुरा श्री कृष्ण जी की जन्मस्थली है और उनकी लीलायें विश्व विख्यात हैं। इसलिए इस स्थान का महत्व बहुत बढ़ जाता है। यहां के विकास को भरपूर सहयोग दिया जायेगा। इस अवसर पर स्थानीय पत्रकारों द्वारा प्रेस क्लब की मॉग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्यक विचारोपरान्त प्रेस क्लब की व्यवस्था करायी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने अक्षयपात्र की आधुनिक रसोई के वृन्दावन में स्थापना पर अक्षयपात्र संस्था को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे छात्रों को स्वच्छ, पौष्टिक व समय पर खाना उपलब्ध होगा। ऐसी संस्थाओं को प्रदेश में अन्य स्थानों पर कार्य करने के लिये सरकार सहयोग करेगी ताकि अधिक से अधिक स्कूली बच्चों को पौष्टिक खाना मिले। लोकार्पित आधुनिक रसोई से जनपद मथुरा के 1633 स्कूलों में एक लाख 65 हजार बच्चों को प्रतिदिन मिड–डे–मील वितरित किया जा रहा है। इस रसोई में 40 हजार रोटी प्रति घंटा बनाने की ऑटोमेटिक मशीन है। ऑटोमेटिक व्यवस्था से सब्जी की सफाई, कटाई व बनाने का कार्य होता हैं। करीब 7 वाहनों से खाना स्कूलों में ले जाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अक्षयपात्र द्वारा लागू की गई नई अक्षय थाली योजना का शुभारम्भ भी किया।

मथुरा भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने फोगला आश्रम में आयोजित स्वामी हरिदास संगीत एवं नृत्य समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन भी किया। अपने सम्बोधन में श्री यादव ने कहा कि यमुना की सफाई हम सभी के प्रयासों से सम्भव हो सकती है और इस कार्य में समाजिक संगठनों, संस्थाओं तथा जनसहभागिता की बहुत बड़ी आवश्यकता हैं, शासन स्तर से जो भी सहयोग अपेक्षित होगा प्रदान किया जायेगा।

श्री यादव ने कहा कि संगीत एवं नृत्य जनजीवन की प्राणवायु है, जो सदियों से हमें भाई–चारे और मेलमिलाप से मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रज भूमि को मैं बार–बार नमन करता हूँ इस भूमि से जो संत–महात्मा एवं कलाकार हुए है उन्होंने हमेशा ही जन कल्याण के उपदेश दिये एवं कार्य किये है, ऐसी ब्रज भूमि के लोगों के कल्याण एवं उत्थान तथा प्रोत्साहन के लिये जो भी जरूरी मदद होगी उन्हें उपलब्ध करायी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने वृन्दावन भ्रमण के दौरान बॉकेबिहारी जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री राजा अरिदमन सिंह, इन्फोसिस, मनीपाल एकेडमी के उच्चाधिकारी व अक्षयपात्र फाउन्डेशन के प्रतिनिधि, स्वामी हरिदास जयन्ती समारोह के प्रतिनिधिगण, जनप्रतिनिधि तथा आम लोग उपस्थित थे।

————————

PN-CM-Mathura Visit-22 Sep, 2012.doc